पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा पांच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ. एस.पी. तिवारी नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के मार्ग दर्शन में पशु आनुवांशिकी और अभिजनन विभाग, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा "जीनोम विश्लेषण में जैव सूचना विज्ञान के अनुप्रयोग" विषय पर पांच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 25.04.2022 से 29.04.2022 तक किया जा रहा है। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम मे देश विदेश के 110 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन कराया है। इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे संयुक्त राज्य अमरीका के डॉ. राजा इशाक नबीखान, कज़ाकस्तान के डॉ. कैराट, डॉ. सीबायेव एव डॉ. ऐगेरिम खामज़िना, आईवीआरआई, इज्जतनगर, बरेली के वैज्ञानिक डॉ शेख फिरदौस अहमद, आईसीएमआर–गुवाहाटी, असम के वैज्ञानिक डॉ. वसीम अकरम मल्ला, पशुचिकित्सा महाविद्यालय, नागपुर के डॉ. दीपक काले और वन्यप्राणी संस्थान के डॉ. काजल जादव, पशु आनुवांशिकी एवम पशु अभिजनन विभाग के डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. असित जैन, डॉ. वैशाली खरे, डॉ. आकांक्षा सिंह आदि द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह ऑनलाइन प्रशिक्षण संयोजक डॉ. श्रीकांत जोशी और पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, डॉ असित जैन, डॉ. वैशाली खरे और डॉ. आकांक्षा सिंह द्वारा किया जा रहा है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर